संक्षिप्त

कनिष्क ने नाम रोशन किया

खाटूश्यामजी, (निसं)। राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड अजमेर द्वारा घोषित 10वीं बोर्ड परीक्षा परणिाम में कनिष्क पारीक पुत्र श्याम सुंदर पारीक ने 90.17 प्रतिशत अंक हासिल कर विद्यालय, परिवार, समाज व नगर का नाम रोशन किया है। छात्र कनिष्क के पिता श्याम सुंदर पारीक ने बताया कि 10वीं आदर्श स्कूल खाटूश्यामजी में अध्ययन कर प्रतिभा का परचम लहराया है।

सरकारी स्कूल का परिणाम शत प्रतिशत

लालसोट, (निसं)। तहसील मुख्यालय के राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय लालसोट का कक्षा दस का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा है। संस्था प्रधानाचार्य अंजना त्यागी ने बताया कि संस्था में इस सत्र में कक्षा दस में 34 छात्रायें अध्ययनरत थी। जिनमें से 18 प्रथम श्रेणी तथा 16 छात्राये द्वितीय श्रेणी से उत्तीर्ण हुई है। 9 छात्राओं ने 75 प्रतिशत से अधिक अंक अर्जित करके गार्गी पुरुस्कार हेतु पात्रता प्राप्त की है। प्रधानाचार्य ने बताया कि विद्यालय का इस वर्ष का उच्च माध्यमिक बोर्ड परीक्षा परिणाम भी श्रेष्ठ रहा है।

64 वाहनों के चालान किये

दूदू, (निसं)। महानिदेशक पुलिस के आदेशों की पालना में सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने की मंशा से शनिवार को प्रात: 9 बजे से सायं 7 बजे तक चलाये गये अभियान के दौरान बिना हैलमेट पर कार्यवाही कर दूदू थाने की पुलिस ने करीब 64 वाहनों के चालान किए। थाना निरीक्षक जयसिंह बसेरा ने बताया कि इस दौरान चालान करने के साथ दुपहिया वाहन चालकों को समझाइश की जाकर यातायात नियमों की पालना करने की सलाह दी गई।

चुनाव को लेकर बैठक आज

कोटपूतली, (निसं)। कस्बे के सुंदरपुरा रोड़ स्थित राजा दक्ष छात्रावास परिसर में प्रजापति समाज के चुनाव को लेकर रविवार को बैठक का आयोजन किया जायेगा। सचिव कमलेश प्रजापत ने बताया की आगामी 17 जुलाई को प्रजापति समाज के होने वाले चुनाव के बारे में छात्रावास कार्यकारिणी व प्रजापति समाज की बैठक बुलाई गई है। जिसमें छात्रावास समिति से संबंधित अनेक बिंदुओं पर भी चर्चा होगी।

सिरफिरे युवक ने बुजुर्ग पर लोहे के पलटे से हमला किया

चौमूं/कालाडेरा, (निसं)। कस्बे में एक सिरफिरे युवक ने मस्जिद के पास स्थित चाय की दुकान के बाहर बैठे बुजुर्ग पर लोहे के पलटे से हमला कर दिया। वार से बुजुर्ग गंभीर रुप से घायल हो गया। घटना की जानकारी मिलने पर मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई।

गंभीर घायल बुजुर्ग को इलाज के लिए कालाडेरा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पर लाया गया जहां पर डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद बुजुर्ग की हालत गंभीर होने पर रेफर कर दिया। पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया। घटना की जानकारी मिलते ही घटना स्थल पर कालाडेरा थाना प्रभारी हरबेन्द्र सिंह मय पुलिस जाप्ता पहुंचे। जानकारी के अनुसार कस्बे में शनिवार सुबह बुजुर्ग रामलाल शर्मा पुत्र प्रभाती लाल उम्र 65 वर्ष निवासी प्रधानों की ढाणी कालाडेरा अपने बेटे की चाय की दुकान पर बैठा हुआ था। इसी दौरान इमरान हुसैन शेख पुत्र राहत हुसैन शेख उम्र 33 वर्ष निवासी शिवालिया ठासरा जिला खेड़ा गुजरात हाल किराएदार डाबर कॉलोनी कालाडेरा ने मस्जिद के अंदर से लोहे का एक बड़ा पलटा लेकर आया और चाय की दुकान पर बैठे बुजुर्ग व्यक्ति के सिर पर हमला कर दिया। जिससे बुजुर्ग व्यक्ति घायल हो गया।

- सिर में चोट लगने से हालत गंभीर, आक्रोशित ग्रामीणों व व्यापारियों ने बाजार बन्द किया

कालाडेरा थाना प्रभारी हरबेन्द्र सिंह ने धरने पर बैठे ग्रामीणों व व्यापारियों से समझाइश की।

इस घटना के विरोध में कालाडेरा कस्बे में लोग एकत्रित हो गए और आरोपी की गिरफ्तारी की मांग करने लगे। घटना से आक्रोशित कस्बे के व्यापारी और ग्रामीण एकत्रित हो गए और कालाडेरा कस्बे की सभी दुकानों को बन्द करके धरने पर बैठ गए। सूचना मिलने पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यातायात सुनिल गुप्ता, गोविन्दगढ डीवाईएसपी बालाराम चौधरी, कालाडेरा थाना प्रभारी हरबेन्द्र सिंह मौके पर पहुंचे और धरने पर बैठे ग्रामीणों को समझाने की कोशिश की लेकिन आकर्षित लोग आरोपी की गिरफ्तारी की मांग पर अड़ गए और बाजार बंद कर घटना का विरोध जताया। इस घटना को लेकर विधायक रामलाल शर्मा ने जयपुर ग्रामीण पुलिस अधीक्षक राजीव प्रचार से फोन पर बात की साथ ही उन्होंने कहा कि कालाडेरा रिको इलाका होने के चलते दूसरे राज्यों के लोग भी यहां मजदूरी के लिए रहते हैं इन लोगों का पुलिस को वेरीफिकेशन करना चाहिए जिससे ऐसी घटनाएं रोकी जा सके।

कोमल जिले में प्रथम

खैरथल, (निसं)। स्थानीय राजकीय वरिष्ठ उपाध्याय संस्कृत विद्यालय की छात्रा कोमल पुत्री रेक चन्द्र ने प्रवेशिका परीक्षा में 93.17 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जिले में प्रथम एवं राज्य स्तर पर दूसरा स्थान प्राप्त कर अलवर का नाम रोशन किया है। विद्यालय प्रधानाचार्य उम्मेद सिंह गोदारा ने बताया कि विद्यालय का प्रवेशिका परिणाम 100 प्रतिशत रहा है। संस्कृत शिक्षा विभाग में खैरथल विद्यालय के बालकों ने नाम रोशन किया है। इसके लिए छात्रों सहित शिक्षकों एवं अभिभावकों को बधाई दी गई। इस अवसर पर प्रदीप कुमार, राजकुमार ददवानी, श्यामलाल, पहलाद गोयल, शीला मिश्रा, मंजू रहीसन सहित विद्यालय के छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

साइकिल रैली का आयोजन

कोटपूतली, (निसं)। विश्व साईकिल दिवस के अवसर पर शनिवार को कस्बा स्थित राजकीय कन्या महाविद्यालय में साईकिल रैली का आयोजन हुआ। प्राचार्या डॉ. भावना चौधरी ने वायू प्रदूषण की रोकथाम एवं पर्यावरण संरक्षण हेतु ईंधन युक्त वाहनों का कम से कम प्रयोग कर साईकिल अपनाने की बात कही। प्रो. विशम्भर दयाल, प्रो. उदयवीर तोषावर, प्रो. मनोज कुमार सैनी, रोशन लाल, कैलाश सैनी, रमेश कुमार गुर्जर, राकेश सुण्डा, शिम्भुदयाल, रामेश्वर प्रसाद समेत अन्य मौजूद थे।

सार-समाचार

महंगाई राहत कैंप का निरीक्षण किया

पावटा, (निसं)। राजस्थान महिला आयोग अध्यक्ष रिहाना रियाज चिश्ती ने शनिवार को पावटा पंचायत समिति की ग्राम पंचायत राजनौता में पंचायत समिति परिसर में लगे प्रशासन गांवों के संग अभियान व महंगाई राहत शिविर का औचक निरीक्षण। रिहाना रियाज चिश्ती ने शिविर की उपादेयता व महिला वर्ग के अधिकारों से अवगत करवाया। वहीं लाभार्थियों को गारंटी कार्ड वितरित किए। इस दौरान उपखंड अधिकारी बजरंग लाल स्वामी ने प्रशासन गांवों के संग अभियान व महंगाई राहत शिविर में लाभार्थियों को योजनाओं की जानकारी दी। वहीं तहसीलदार ओमप्रकाश गुर्जर ने कैंप में राजस्व मामलों के बंटवारे से अवगत करवाया व लाभार्थियों को पट्टे भी वितरित कर प्रगति के बारे में जानकारी प्रदान की। इस अवसर पर राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय राजनौता सत्र 2022-23 में उच्चतम अंक प्राप्त करने वाली बालिकाओं को समानित किया गया। इस मौके पर विभागीय अधिकारी व कर्मचारियों सहित सरपंच संतरा देवी, प्रतिनिधि दीपक कुमार, सरपंच उदयवीर शेखावत, सरपंच श्रवन सिंह शेखावत, पूर्व सरपंच रिशाल सिंह, चेयरमैन गजराज सिंह, पावटा प्रागपुरा नगरपालिका उप चेयरमैन नरपत सिंह, प्रधानाचार्य सरजीत सिंह, नरेंद्र सिंह, वार्ड पंच प्रकाश सिंह, ओमप्रकाश सिंह, कालूदास, संतोष, हवलदार रामवतार सहित जनप्रतिनिधि व ग्रामीण उपस्थित रहे। वही ग्राम विकास अधिकारी गोपाल सिंह ने सभी आगंतुकों का आभार व्यक्त किया।

माली महासंगम की तैयारी पूर्ण

श्रीमाधोपुर, (निसं)। माली समाज के पदाधिकारियों कार्यकर्ताओं ने बताया कि समाज के सभी संगठनों ने तय किया है कि माली महासंगम को सफल बनाना है व रविवार को विद्याधर नगर स्टेडियम में माली महासंगम का इतिहास में पहली बार लाखों की तादाद में इकट्ठे होंगे। महासंगम को लेकर पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने आज अंतिम रूप देते हुए पूरी व्यवस्था कर ली गई है। जानकारी के अनुसार स्टेडियम में अलग-अलग क्षेत्र से आने वाले सभी के अलग-अलग (गेट) रास्तों से स्टेडियम में जाने के बनाए गए हैं वहीं खाने पीने की पूरी व्यवस्था की गई है। 4 जून को जयपुर माली महासंगम मैं चलने एवं अपने प्रतिष्ठान एक दिन के लिए बंद रखने का सभी ने आग्रह किया। समाज के पीडी सैनी, राजू बागवान, ललित सैनी, ओम प्रकाश सैनी, भगवान सहाय सैनी ने बताया कि समाज के सभी लोगो ने एकता का परिचय देते हुए प्रतिष्ठान बंद रखेंगे। मुकेश सैनी सब्जीवाले ने बताया कि सम्पूर्ण समाज बंधुओ द्वारा फल एवं सब्जी के थोक व खुदरा दुकानों को बंद रख कर जयपुर महासंगम मे चलने का निर्णय लेकर एक साथ बसों में रवाना होंगे।

प्रतिभाओं का सम्मान किया

मालपुरा, (निसं)। माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा जारी कक्षा 10 व 12 के परीक्षा परिणामों में उत्कर्ष्ट प्रदर्शन करने वाले होनहार विद्यार्थियो के सम्मान को लेकर शनिवार को बालिका आदर्श विद्या मंदिर मालपुरा में सम्मान समारोह आयोजित किया गया। पालिका अध्यक्ष सोनिया सोनी, एसडीएम महिपाल सिंह, एसीबीईईओ गिर्राज प्रसाद गुप्ता, प्रधानाचार्य सूरजमल शर्मा ने 96.20 प्रतिशत अंक प्राप्त करने वाली छात्रा अवन्तिका शर्मा पुत्री संजय शर्मा झिराणा सहित विद्यालय की प्रतिभावान छात्राओं को सम्मानित कर कहा कि अपने जीवन का लक्ष्य निर्धारत कर लक्ष्य प्राप्ति के लिए कठोर परिश्रम से ही मंजिल हासिल होती है।

ब्रांच मैनेजर का सम्मान

बोराज, (निसं)। कस्बे के स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के ब्रांच मैनेजर तपिश श्रीवास्तव के स्थानांतरण के उपरांत एवं नए आए ब्रांच मैनेजर आयुष चतुर्वेदी का शुक्रवार सायंकाल कस्बे के प्रबुद्ध जन लोगों ने उनका माला व साफा पहनाकर सम्मान किया। गौशाला अध्यक्ष प्रेमचंद टेलर ने बताया कि ब्रांच मैनेजर श्रीवास्तव का 1 वर्ष का सराहनीय कार्य काल रहा इनके मिलनसार स्वभाव से यह अल्प समय में ही किसानों , व्यापारियों व उपभोक्ताओं के चहेते बन गए। इस अवसर पर सीएचसी कंपाउंडर मोहनलाल कुमावत, गौशाला अध्यक्ष प्रेमचंद टेलर, जीएसएस सदस्य देवीलाल कुमावत, भेरूलाल चौधरी, पूर्व सरपंच खेम चंद कुमावत, राजपूत इकाई अध्यक्ष शंकर सिंह शेखावत आदि ने बैंक मैनेजर का सम्मान किया।

वत्सल क्षेत्र में टॉपर रहा

मनोहरपुर, (निसं)। राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के शुक्रवार को जारी हुई परिणाम में शाहपुरा उपखंड में श्री कृष्ण विद्या मंदिर सीनियर सेकेंडरी स्कूल मनोहरपुर का छात्र वत्सल बेनीवाल 96.83 प्रतिशत अंक प्राप्त करके क्षेत्र में टॉपर रहा। वत्सल के माता पिता दोनों ही बीए बीएड है और प्राइवेट शिक्षण संस्थाओं में टीचिंग का कार्य करते हैं वत्सल इकलौता पुत्र है वत्सल के दादा बंशीधर बेनीवाल किसान व व्यापारी हैं। वत्सल इंदिरा कॉलोनी मनोहरपुर शाहपुरा गांव में रहकर ई अध्ययन कार्य करता था। वत्सल घर जाकर नियमित 6 घंटे अध्ययन करता था। वत्सल ने गणित में 100 में से 100 अंक प्राप्त किए है, हिंदी व अंग्रेजी व संस्कृत में 97-97, विज्ञान में 96 व सोसल साइंस में 94 में अंक प्राप्त किये है। वत्सल आगे जाकर इंजीनियर बनना चाहता है।

सब इंस्पेक्टर मेनका का स्वागत

किशनगढ़ बास, (निसं)। सिंधी पंचायत ने प्रशिक्षु पुलिस सब इंस्पेक्टर मेनका वरदानी का संत कंवर राम हरि मंदिर गुरुद्वारे में सम्मान किया। प्रशिक्षु पुलिस अधिकारी मेनका वरदानी ने किशनगढ बास पुलिस थाने पर सब इंस्पेक्टर के पद पर कार्यभार संभाला है। संत कंवर राम हरि मंदिर पहुंचने पर समाज के लोगों ने ढोल नगाड़ों से स्वागत किया। सिंधी पंचायत के मुखी श्रीचंद भूटानी व्यापार महासंघ अध्यक्ष परमानंद लखयाणी रूपचंद बत्रा नेमराज बत्रा गोकुल चंद तीरथ बत्रा दर्शन बत्रा नंदलाल झामन दास रमेश चंद प्रभु दयाल सिंघी कमलेश पमनानी जनेश भूटानी राजेश कामदार हीरू हरवानी अनिल हरवानी बाबूलाल सहित समाज के लोगों की और से मेनका वरदानी का शाल ओढ़ाकर व गुलदस्ता भेंट कर सम्मान किया गया।

जयपुर ग्रामीण के 30 गांवों में मोबाइल टावर स्वीकृत

सांभरझील, (निसं)। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता और जयपुर ग्रामीण सांसद कर्नल राज्यवर्धन के प्रयासों से बेहतर मोबाइल कनेक्टिविटी के लिए लोकसभा क्षेत्र में 30 गांवों में मोबाइल टावर स्वीकृत हुए है।

इसके लिए कर्नल राज्यवर्धन ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केन्द्रीय संचार मंत्री अश्विनी वैष्णव का आभार व्यक्त किया है। इस अवसर पर कर्नल राज्यवर्धन ने कहा मोदी सरकार की डिजिटल क्रांति के संकल्प के साथ काम देश के कोने-कोने में मोबाइल नेटवर्क सुविधा पहुंच रही है।

जिससे ग्रामीण जनता को दैनिक जीवन में बैंकिंग, लेन-देन, अध्यन सहित विभिन्न कार्यों के लिए माबाईल और इंटरनेट की सुविधा मिल रही है, डिजिटल क्रांति से सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं का पैसा सीधे लाभार्थी के खाते में पहुंच रहा है इससे भ्रष्टाचार पर लगाम लगी है।

ग्रामीणों जनता की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए विधानसभा क्षेत्र विराटनगर में संतोषसिंहपुरा, सुंदराला, आदर्शनगर, रेला, जटाला राजपूत, केमरिया, बिहाजर, चेचावाला, मठ कुंडल, बड़ोदिया, भोजेरा, गणेश नगर, करत, कुहाड़ा, दौलापुर विधानसभा क्षेत्र जमवारामगढ़ में गोपालगढ़, दंताला गुजरान, विधानसभा क्षेत्र आमेर में खुरड़, चक मनोहरपुर, सिरोही, नाकावाला, पुठ का बास, कीरतपुरा विधानसभा क्षेत्र फुलेरा में दोइपुरा, देवपुरा विधानसभा क्षेत्र कोटपूतली में प्रताप नगर, राजगढ़ और विधानसभा क्षेत्र शाहपुरा में लाडपुरा, शिवलालपुरा और कुम्भावास गांवों में मोबाइल टावर लागाए जाऐंगे।

लोकसभा क्षेत्र के 30 गांवों में मोबाइल टावर स्वीकृत होने से ग्रामीणों में खुशी की लहर है। ग्रामीण जनता और भाजपा कार्यकर्ताओं ने अपने सांसद का आभार व्यक्त किया है।

गौरलतब है कि कर्नल राज्यवर्धन प्रारम्भ से ही लोकसभा क्षेत्र में मोबाइल नेटवर्क समस्या के समाधान हेतु प्रयासरत रहें है पूर्व में भी उनके प्रयासो से क्षेत्र में मोबाइल टावर लगाए गए है।

चिकित्सा मंत्री परसादी ने लाभार्थियों से संवाद किया

लालसोट/रामगढ़, (निसं)। उपखंड क्षेत्र की बिदरखा एवं शिवसिंहपुरा ग्राम पंचायत मुख्यालय पर शनिवार को महंगाई राहत कैंप आयोजित कर पात्र लाभार्थियों को मुख्यमंत्री गारंटी कार्डों का वितरण किया गया। इन महंगाई राहत शिविर एवं प्रशासन गांव के संग अभियान का चिकित्सा मंत्री परसादी लाल मीणा द्वारा औचक निरीक्षण कर वहां मौजूद ग्रामीण लाभार्थियों से संवाद कर सरकार द्वारा दी जाने वाली जन कल्याणकारी योजनाओं के मिल रहे लाभ की भी जानकारी ली गई।

चिकित्सा मंत्री मीणा के साथ बिदरखा ग्राम पंचायत में आयोजित शिविर के दौरान पंचायत समिति रामगढ़ पचवारा की प्रधान डॉक्टर कौशल्या मीणा उप प्रधान सूरज कटारा उपखंड अधिकारी मोर सिंह मीणा तहसीलदार अमितेश मीणा आदि द्वारा लाभार्थियों को गारंटी कार्ड सौंपे गए। इसी तरह शिवसिंहपुरा ग्राम पंचायत मुख्यालय पर आयोजित हुए शिविर के दौरान चिकित्सा मंत्री मीणा के साथ प्रधान पंचायत समिति एडवोकेट नाथू लाल मीणा एसडीएम विजेंद्र मीणा तहसीलदार मदनलाल मीणा आदि द्वारा शिविर में पात्र लाभार्थियों को मुख्यमंत्री गारंटी कार्ड का वितरण किया गया।

शिवसिंहपुरा ग्राम पंचायत में शिविर के दौरान चिकित्सा मंत्री परसादी लाल मीणा ने गारंटी प्रमाण पत्र वितरित किये।

हादसे के बाद सूना रहा गट्टानी मार्केट

सांभरझील, (निसं)। यहां गट्टानी मार्केट स्थित पांच दुकानों की बालकनी शुक्रवार की सुबह करीब 10:30 अचानक धराशाई होने से अर्पिता बेकरी के संचालक व कांग्रेस नेता राकेश कश्यप की मौत के बाद दूसरे दिन भी माहौल गमगीन रहा। उल्लेखनीय है कि इस दुकानदार की मौत के बाद कांग्रेस में जबरदस्त गम का माहौल है। प्रदेश युवक कांग्रेस की पूर्व महामंत्री दिनेश शर्मा, हेमंत स्वामी, पूर्व पार्षद चंद्रप्रकाश सैनी, पूर्व चेयरमैन कन्हैयालाल सक्करवाल, नगर कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष काजी जीएच उस्मानी, चंद्रप्रकाश व्यास, अरविंद मेहरडा, तरुण कुमार उपाध्याय, कायस्थ समाज के उपाध्यक्ष युगराज माथुर, शैलेश माथुर का कहना है कि कश्यप एक खुशमिजाज और मिलनसार दुकानदार ही नहीं थे बल्कि वे सच्चे कांग्रेस के कार्यकर्ता भी थे जिनका सभी से मधुर संबंध रहा था। उनकी असामयिक मौत पर फुलेरा विधानसभा क्षेत्र की वरिष्ठ नेता विद्याधर चौधरी ने भी उनके परिवार जनों से मुलाकात कर इस दुख की घड़ी में उन्हें ढाढस बंधाया तथा शोक संतप्त परिवार को हिम्मत बंधाई। घटना के बाद हालांकि गट्टानी मार्केट के दुकानदारों ने अपने प्रतिष्ठान तो खोले लेकिन वे हताशा और निराशा में डूबे हुए थे तो सभी जगह आज दिन भर उनकी मौत को लेकर चर्चा का दौर जारी रहा तथा दिवंगत आत्मा की शांति के लिए लोगों ने परमात्मा से प्रार्थना भी की।

पूर्व सैनिक कमेटी की बैठक आज

फुलेरा, (निसं)। कस्बे के गांधी चौक के निकट स्थित सिंघानिया धर्मशाला गांधी परिसर 4 जून रविवार को प्रात:10:15 बजे भूतपूर्व सैनिक कमेटी की एक साधारण सभा का आयोजन किया जाएगा।

कमेटी के अध्यक्ष मनोज कुल्हरी ने बताया कि सभा के दौरान कई बिन्दुओं को लेकर चर्चा एवं विचार विमर्श किया जायेगा। साथ ही संगठन की मजबूती के बारे में विस्तार से चर्चा की जाएगी। जिन सैनिकों की समस्या है आगामी दिनों में भूतपूर्व सैनिक कल्याण बोर्ड द्वारा कैंप लगाने के बारे में और अन्य सैनिकों की समस्या के बारे में विस्तार से चर्चा की जाएगी। साथ ही सैनिक कमेटी के अध्यक्ष के बारे में भी चर्चा करके सर्वसम्मति से नियुक्त किया जाएगा।

जगन्नाथ महाराज की रथ यात्रा की तैयारी बैठक

राजगढ़, (निसं)। भगवान जगन्नाथ महाराज की रथ यात्रा एवं मेला महोत्सव की तैयारियों को लेकर उपखंड अधिकारी ने शनिवार को बैठक ली। उपखंड अधिकारी ओमप्रकाश मीणा ने रथ यात्रा एवं मेला महोत्सव में बेहतर प्रबंधन के साथ सुंदर मेले के आयोजन को लेकर सभी विभागीय प्रतिनिधियों को निर्देश दिए। इस बैठक में मेला महोत्सव स्थल गंगा बाग़ पर सफाई व्यवस्था एवं कचरे के संग्रहण को शीघ्र हटाने सहित अन्य व्यवस्था निर्धारण के निर्देश दिए। 20 जून को आयोजित होने वाली रथयात्रा के मध्य प्रमुख मार्गों में अवरोधों को दूर कर सड़क मार्ग को दुरुस्त करने के विभागीय प्रतिनिधियों को निर्देश दिए। रथ यात्रा एवं मेले में बिजली, पानी एवं सफाई सहित व्यवस्थाओं के माकूल प्रबंधन के लिए सभी प्रतिनिधियों को हिदायत दी। गंगाबाग़ परिसर में आयोजित होने मेला भव्य एवं सुंदर आयोजित हो इसके लिए सभी ने अपनी राय रखी। मंदिर के महंत पूर्ण दास महाराज एवं मेला कमेटी के महेंद्र तिवाडी ने मंदिर के सामने लगने वाले छोटे झूलों को नगरपालिका पार्क में स्थापित करने की बात कही। मंदिर परिसर की साफ-सफाई, मेले में आने वाले दर्शनार्थियों को परेशानी ना हो इसके लिए समुचित प्रबंध करने के पुलिस प्रशासन को निर्देश दिए।

- 20 जून को निकलेगी रथयात्रा

बालाजी को फलों का भोग लगाया

श्रीमाधोपुर, (निसं)। कस्बे के रेलवे स्टेशन सड़क मार्ग पर स्थित श्री इच्छापूर्ण बालाजी मंदिर में भक्तों ने भगवान को सवा क्विंटल फलों का भोग लगाकर राजकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र श्रीमाधोपुर में भर्ती मरीजों को वितरित किए। मंदिर भक्त नवल किशोर फूलका, राजू सेन ने बताया कि बालाजी महाराज को सवा क्विंटल केलों का भोग लगाकर राजकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में वार्डों में भर्ती मरीजों को फल वितरित किए। फलों का वितरण राजकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी डॉ.अंकूर स्वामी के नेतृत्व में किए गए। देश, प्रदेश, नगर, समाज व परिवार में सुख समृद्धि की कामना को लेकर हनुमानजी महाराज को सवा क्विंटल केलों का भोग लगाकर सुंदरकांड के पाठ किए।

भागवत कथा में विभिन्न प्रसंग सुनाये

पावटा, (निसं)। कथावाचक आचार्य किशोर शरण महाराज वृन्दावन ने कहा कि मनुष्य जीवन में जाने अनजाने प्रतिदिन कई पाप होते हैं। उनका ईश्वर के समक्ष प्रायश्चित करना ही एक मात्र मुक्ति पाने का उपाय है।

प्रागपुरा में पारीक मोहल्ला स्थित शिव मंदिर में श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के तीसरे दिन कथा में बावन भगवान का जन्म के दौरान मनोरम झांकी सजाई। व्यासपीठाधीश्वर ने गुरुवार को भागवत कथा के दौरान कपिल चरित्र, सती चरित्र, धु व चरित्र, जड भरत चरित्र, नृसिंह अवतार आदि प्रसंगों पर प्रवचन करते हुए कहा कि भगवान के नाम मात्र से ही व्यक्ति भवसागर से पार उतर जाता है। भजन मंडली की ओर से प्रस्तुत किए गए भजनों पर श्रोता भाव विभोर होकर नाचने लगे। इस अवसर पर मँदिर महंत श्री श्री 1008 मोहनदास रामायणी सहित दौलत अग्रवाल, दीपक गोयल, उमाकांत बंसल, नेमीचंद गुप्ता, उमराव कुमावत, कैलाश बटवाल, प्रह्लाद सैन, नितेश शर्मा, साहिल टीलावत, शुभम टीलावत एवं बडी संया मे महिला व श्रद्धालु मौजूद रहे।

कलेक्टर ने साइकिल रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया

दौसा, (निसं)। स्वास्थ्य विभाग एवं रोटरी क्लब दौसा के संयुक्त तत्वावधान में साइकिलिंग दिवस पर शनिवार को साइकिल रैली का आयोजन किया गया। साइकिल रैली को जिला कलेक्टर कमर चौधरी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली नेहरू गार्डन से शुरू होकर गांधी सर्किल से पीजी कॉलेज व सोमनाथ सर्किल से होकर जिला कलेक्ट्रेट पहुंची।

- साइकिलिंग हमारे संपूर्ण स्वास्थ्य के लिए लाभदायक : चौधरी

साइकिल रैली के शुभारंभ के अवसर पर जिला कलेक्टर कमर चौधरी ने स्वयं साइकलिंग करते हुए रैली में उपस्थित अन्य लोगों एवं बच्चों को प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि साइकिलिंग हमारे संपूर्ण स्वास्थ्य के लिए लाभदायक है। हमें प्रतिदिन साइकिल का उपयोग करना चाहिए। उपवन संरक्षक वी केतन कुमार ने कहा कि साइकिलिंग परिवहन का एक सरल, सस्ता, विश्वसनीय और पर्यावरण अनुकूल साधन है तथा साइकिलिंग उपयोगकर्ता को स्थानीय पर्यावरण के बारे में तत्काल जागरूकता प्रदान करती है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा सुभाष बिलोनिया ने सभी को साइकिल रैली में शामिल होकर देश की उन्नित और प्रकृति प्रेमी बनने में सहायक बनने की अपील की। कार्यक्रम के अंत में जिला कलेक्ट्रेट प्रांगण में सभी अतिथियों द्वारा प्रत्येक संभागी को मेडल तथा प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर डॉ. दीपक शर्मा, रोटरी क्लब सचिव महेश साकूनिया प्रीतीपाल सिंह हितेश सहारा अशोक गुप्ता, मनोज मलिक आशीष खंडेलवाल नीरू गुप्ता जितेन्द्र मित्तल घनश्याम दुसाद विनोद गौड स्काउट के डा संजीव रावत मुकेश मीणा महेश मीना महेश मीना एनएसएस, विजय सिंह हीरालाल महावर सहित अन्य जन सामान्य नागरिक उपस्थित रहे।

दौसा में साइकिलिंग दिवस पर जिला कलेक्टर कमर चौधरी ने रैली को हरी झंडी दिखाई।

डीगवाल ने गांवों का दौरा किया

अलवर, (निसं)। अलवर ग्रामीण विधानसभा से भाजपा के प्रबल दावेदार ठेकेदार मूल चंद डीगवाल ने आज अपनी विधान सभा क्षेत्र के कई गांवों का दौरा किया जहां ग्रामीणों ने उनका भव्य स्वागत कर जन सभाओं का आयोजन किया। वहीं उन्होंने ढकपुरी गांव में एक क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ भी किया।

डीगवाल ने बताया कि उन्होंने केन्द्र सरकार द्वारा जारी की गई जनहित की योजनाओं को लेकर शनिवार को लीली, निठारी,ढकपुरी सहित कई गांवों का दौरा कर जन सभाओं का आयोजन कर केन्द्र सरकार की नीतियों से जनता को आवगत कराया एवं जन सभाओं का आयोजन किया ग्रामीणों ने डीगवाल का साफा व फूलमालाओं से लाद कर भव्य स्वागत किया और अपने क्षेत्र की समस्याओं से उन्हें आवगत कराया जिस पर डीगवाल ने कहा कि भाजपा सरकार आते ही सभी समस्याओं का निवारण किया जाएगा।

इस वक्त कांग्रेस की प्रदेश सरकार घोषणाओं की सरकार बनी हुई है वह चाहती है किसी प्रकार जनता को गुमराह कर सत्ता वापिस हथिया ले तभी तो लोगों को लोकलुभावने वायदों में फंसा रही है।